Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-03-2022 | अंक 162

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

## बेलादोहर के युवक का आंध्रप्रदेश में हुई मौत



मृतक का फइल फोटो

बरही प्रखंड अंतर्गत मालकोको पंचायत के बेलादोहार निवासी प्रभु यादव उम्र 28 वर्ष पिता महादेव यादव की मौत आंध्रप्रदेश में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक आंध्रप्रदेश में रहकर मशीन (पोकलेन) चलाकर अपना जीविकापार्जन करता था। प्रभु यादव नवंबर में मशीन चलाने के लिए बाहर गए हुए था। वहीं 6 मार्च को रात में कमरा के बाहर टहलने गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर उसके साथियों ने जब उन्हें ढूंढना शुरू किया तो देखा की वह जमीन पर पड़ा हुआ है। और उसके नाक – मुंह से ब्लड आ रहा था। उसके साथियों ने पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही बेलादोहर में सन्नाटा पसर गया। प्रभु यादव का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह 10 बजे बेलादोहर पहुंचा शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। वहीं आज दोपहर उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक अपने पीछे पत्नि और दो बच्चे छोड़ गया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल



चौपारण प्रखंड अंतर्गत डेबो निवासी बालेश्वर यादव उम्र 33 वर्ष पिता दुखी यादव बरही में बाइक के चपेट में आने से घायल हो गए। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

## मोटरसाइकिल भिडंत में एक घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत करियातपुर निवासी बद्री नारायण प्रसाद उम्र 55 वर्ष पिता चमारी महतो आपस में हुई मोटरसाइकिल भिडंत में घायल हो गए। आस पास के लोगो ने घायल बद्री नारायण प्रसाद को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# स्व तिलेश्वर साहू की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

## पिता के अधूरे सपना को पूरा करना हमारा लक्ष्य : अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पटना रोड में स्थित बरही हाउस में झारखण्ड नियंत्रण बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष स्व तिलेश्वर साहू की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे श्री साहू जी के आत्मा के शांति के लिए भगवान सत्यनारायण का पूजा अर्चना किया गया। पूजा में स्व तिलेश्वर साहू के बड़े पुत्र अरुण साहू एवं उनकी पत्नी शिल्पी साहू, साबी देवी, मेघनाथ साहू एवं उनकी पत्नी शामिल रहे। पूजा उजैना के स्थानीय पंडित गौतम पांडेय ने संपन्न कराया। वहीं पूजा के बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसका संचालन मो जमीरुद्दीन ने किया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों ने स्व तिलेश्वर साहू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रा. र्थना किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्व तिलेश्वर साहू के बड़े पुत्र अरुण साहू ने कहा कि आज से आठ वर्ष पूर्व 8 मार्च 2014 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन मेरे पिता स्व तिलेश्वर साहू का हत्या कर दिया गया था। राजनीतिक साजिश के तहत हुई हत्या के कारण बरही का विकास अवरुद्ध हो गया। उन्होंने बरही के लोगो को आश्वासन दिया की जिस प्रकार मेरे पिता आपके सुख दुःख में हमेशा तत्पर रहते थे । ठीक मैं भी उसी प्रकार आपके सुख दुःख में आपके साथ रहूंगा। साथ ही उन्होंने जो सपना बरही विधानसभा के लिए देखी थी। उनके सभी सपना को पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर बब्लू साहू, मो जमीरुद्दीन, सुषमा विश्वकर्मा, दीपक गुप्ता, कुलदीप सोनी, सन्नी गुप्ता, अमरजीत गुप्ता, बिक्की सिंह, बिक्की केशरी, प्रकाश विश्वकर्मा, सुषमा विश्वकर्मा, अधीन पासवान, विनोद कुमार, मुकेश कुमार यादव, मो इस्लाम, सफीक अंसारी, प्रमोद यादव, अर्जुन साव, मो सलीम, बिरजू साव, शहादत अंसारी, रामचंद्र साव चौपारण, मो हलीम, कन्हाई साव चौपारण, शमशुल अंसारी, सुरेंद्र यादव चतरा, शुभलाल साव चौपारण, राजेश कुमार सिंह पदमा, प्रवीण कुमार सिंह चौपारण, सतीश कुमार सिंह चौपारण, पप्पू कुमार चंद्रवंशी चौपारण, सतीश पांडेय, मुन्ना पांडेय चौपारण, मंटू यादव चौपारण, राम बाबू चौपारण, आर्यन साव चौपारण, निरंजन साव, कैलाश साव, संजय कुमार चौपारण, चमन कुमार गुप्ता, मोहन साव, राजू साव चौपारण, छोटन ठाकुर, बीरबल साहू, सहदेव साव, राजेश कुमार रंजन चतरा, रा. जेश साव बोकारो, सुरेश साहू, सीताराम साहू, राजेश कुमार, चेतलाल साहू, ता. पेश्वर साव, लालेश कुमार, मनोज कुमार साहू एवं महेंद्र साव मुख्य रूप से मोजूद थे।



श्रद्धांजलि सभा में शामिल लोग



# पुस्तकालय ज्ञान का खजाना होता है, विद्यार्थियों को पुस्तकालय में जाकर पढ़नी चाहिए : डॉ बिमल किशोर

## पुस्तकालय आपके द्वार कार्यकम के तहत आरएनवाईएम कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से राम नारायण यादव मेमोरियल क०लेज बरही में पुस्तकालय को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डॉ संजय वर्णवाल एवं संचालन स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के सचिव कृ ष्णा प्रजापति ने किया। इस कार्य कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर के उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह इतिहास के व्याख्याता डॉ सुनीता चौधरी ,हिंदी विभाग के एचओडी प्रोफ़ेसर हिरामन साहू, इतिहास विभाग के एचओडी ड० अरुणा रानी मुख्य से मौजूद रहे। कार्यशाला में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल एवं सचिव कृष्णा प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सह वाचनालय की व्यवस्था एवं महत्व की जानकारी दी।



आरएनवाईएम कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षाविद

बताया गया कि पुस्तकालय नियमित 11 बजे से 1 बजे तक एवं 3 बजे से 6 बजे तक खुलता है। इन अवधि में लोग पुस्तक लेकर पढ़ सकते हैं। सारी व्यवस्था निशुल्क की गई है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने कहा कि पुस्तकालय विद्या का मंदिर होता है। वहाँ जाकर ज्ञान अर्जन करने से बौद्धिक विकास होता है। इसलिए हर शिक्षा विद को पुस्तकालय के विकास के बारे में सोचना चाहिए। क०लेज के दिनेश्वर प्रसाद यादव ने पुस्तकालय की आ. रंभिक अवस्था से लेकर आज तक कि सफर की विस्तृत जानकारी दी और कोष बढ़ाने पर चर्चा की। वही उपाध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी एवं महेंद्र प्रसाद दुबे ने पुस्तकालय के विकास एवं भावी रणनीति से अवगत कराया। कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होता है। ज्ञानार्जन के लिए पुस्तकालय एक सशक्त माध्यम होता है। इतिहास के एचओडी डॉ अरुणा रानी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्. तकालय की उदाहरण देते हुए पुस्तक की महत्ता से अवगत कराया। उर्दू के एचओडी नैयर इकबाल ने पुस्तकालय को हाई टेक बनाने पर जो दिया। भूगोल विभागाध्यक्ष अरुण कुमार रामानुज ने पुस्. तकालय के मेंबर्स के लिए आईकार्ड की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। संजय कुमार बक्शी राजनीति शास्त्र विभाग ने अनुमंडलीय स्तर पर शिक्षा के गिरते स्तर को पुनर्जीवित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन कर शौक्षणिक संस्थानों मो जोडने पर बल दिया गया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ अजय प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को नित्य दिन पुस्तक पढ़नी चाहिए। डॉ गिरधारी यादव, ब्रह्मदेव मोदी ने कहा कि हर शिक्षाविदों को पुस्तके डोनेट करनी चाहिए। हम अपने स्तर से पुस्तकें डोनेट करेंगे। मौके पर राज आर्यन उर्फ छोटी , डॉ अशोक कुमार ,महेंद्र ठाकुर, राज विनोद कुमार , धनेश्वर प्रसाद चौधरी ,डॉक्टर बीड़ी मोदी , डॉ नैयर इकबाल इकबाल डॉक्टर अजय प्रसाद सिंह ,संजय कुमार बक्सी, ड०क्टर कुमारी सुषमा ,अंजली कुमारी ओम, राजू कुमार, मोहम्मद अब्बास, डॉ अरुण कुमार रामानुज, डॉक्टर अरुण रानी ,डॉक्टर गिर धारी लाल यादव सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौंउद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एकादश कार्यक्रम में जागरण का आयोजन जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

### माता पिता का सेवा अवश्य करे : मो कयूम



जागरण का उद्घाटन करते जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी सुखदेव रविदास के पिता के एकादश में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि को कयूम, स्थानीय मुखिया दशरथ यादव, उपमुखिया सहदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी रघु मोदी एवं सुरेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्राणी में जान है उसका मौत निश्चित है। साथ ही उन्होंने सभी लोगो से कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा सेवा माता पिता का सेवा होता है। सौभाग्यशाली होते है वैसे लोग जिन्हें अपने माता पिता का सेवा करने का मौका मिलता है। साथ ही साथ उन्होंने सभी लोगो से अपील किया की अपने माता पिता का सेवा अवश्य करे। भक्ति जागरण में बगोदर से आए कलाकार आनंद हलचल एवं बरही के मनोज पांडेय ग्रुप के कलाकारों के द्वारा रंगा रंग भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। जिससे आस पास का वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर सहदेव दास, सुखदेव दास, महेंद्र दास, सरोज दास, चंद्रिका दास, सुरेंद्र दास, लक्ष्मण दास, जमना दास, महेश दास, फुलवा देवी, कुंती देवी, चमेली देवी, राजेश दास, मो सलामत, रूपन ठाकुर, मनोज कुमार एवं समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

## स्व तिलेश्वर साहू का मनाया गया आठवी पुण्यतिथि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धांजलि सभा में शामिल लोग

बरही विधानसभा के आजसू विधानसभा प्रभारी सह सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता राज सिंह चौहान ने मंगलवार को बरही के आजसू नेता स्वयं तिलेश्वर साहू का 8वां पुण्यतिथि अपने आवास प्रांगण में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व साहू के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पण कर किया। इस बाबत श्री चौहान ने कहा कि तिलेश्वर साहू बरही के लिए आनमोल हीरा थे, उन्होंने कम समय मे ही बरही में बहुत से परिवर्तन करने का प्रयास किया। वे आज हमारे बीच नही रहे लेकिन उनका व्यक्तित्व का गुणगान हमेशा बरही में होता रहेगा। इस बाबत राज सिंह चौहान के साथ, सामाजिक कार्यकर्ता गुरुदेव गुप्ता, चंदन गुप्ता, विजय महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।




## कन्या भ्रुण हत्या सामाजिक अभिशाप है, इस पर रोक सामाजिक कर्तब्य : डॉ संगीता

### एस एस मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बारा टांड में कन्या भ्रुण हत्या पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विश्व महिला दिवस के अवसर पर शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र अम्बेडकर नगर बारा टांड में कन्या भ्रूण हत्या को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी एवं संच. ालन सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि महिला चिकित्सक डॉ अनुभा कुमारी, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सक्रिय सदस्य उषा रानी, पूर्व मुखिया सुमन देवी एवं समाजसेविका आभा सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उपस्थित महिलाओं को कन्या भ्रुण हत्या के सम्वन्ध में जागरूक किया गया। कन्या भ्रूण हत्या से होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान से अवगत कराया गया। डॉ संगीता चौधरी ने जागरूक करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है। लेकिन इसके बाद भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे घृणित अपराध किए जाते हैं।इस पर सामाजिक पहल कर कन्या भ्रूण हत्या को रोका जा सकता है। एसएस मेमोरियल ट्रस्ट कन्या भ्रुण हत्या को रोकने के लिए संकल्पित हैं। महिला चिकित्सक डॉ अनुभा कुमारी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या से अगली बार प्रैग्नेंसी में दिक्कत होने की संभावना बढ़ जाती है। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कन्या भ्रुण हत्या एक सामाजिक कुरुति है। इस पर रोक लगनी चाहिए। उषा रानी, सुमन देवी, डॉ संजय वर्णवाल, महेंद्र दुबे आभा सिन्हा ने भी कन्या भ्रूण हत्या को सामाजिक अपराध बताते हुए रोक लगाने की बात कही। मौके पर श्याम सिन्हा, मनोज रविदास, राज आर्यन, समीना खातून, तब्बसुम प्रवीण, नरेश प्रजापति, सुधीर पांडेय, गुड्डू रविदास, अनुज रविदास, बीरेंद्र रविदास, सोनी कुमारी, शांति देवी, मालती देवी, आरती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया महिला अंतरराष्ट्रीय दिवस, सभी महिला कर्मियों को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर सम्मानित करते डीएस

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया साथ ही सभी महिला कर्मी को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। वहीं बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस ने कहा कि आज महिलाओं का दिन है, तो ये दिन महिलाओं को ही समर्पित किया जाता है। इस दिन हम देश दुनिया की ऐसी महिलाओं को याद करते है जिन्होंने देश का नाम रौशन किया है और अपनी अमिट छाप छोड़ी है। खास बात यह है की इस दिन उन महिलाओं को याद किया जाता है , जिन्होंने उपलब्धियां, जज्बे के साथ आगे बढ़ने से लेकर कई उच्चाइयां हासिल की है। साथ ही बड़े ध. ूमधाम के साथ घर की मि. हलाओं को शुभकामनाएं देकर लोग जश्न मनाते है।

**क्यों मनाया जाता है, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि दुनियाभर में महिलाओं के खिलाफ भेद भाव को खत्म करने के लिए इस दिन को जश्न किया जाता है। साथ ही इस दिन को इसलिए भी जश्न मनाया जाता है ताकि महिलाओं के विकास पर ध्यान दिया जाए, साथ ही उनकी उपलब्धियों पर भी गौर किया जा सके। मौके पर बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार, नरेश कुमार एवं दर्जनों अनुमंडलीय अस्पताल के महिला कर्मी मौजूद थे।



डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका





कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार

सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदकः- श्री कमल गिरी

मोबाइल नं0 8521749112

सुनिल गिरी भावी मुखिया उम्मीदवार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## खतियान महापंचायत को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

खतियान आधारित स्थानीय नीति की माँग को लेकर कटकमसांडी के डाँटो खुर्द एवं छडवा में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। 13 मार्च को खतियान महापंचायत का आयोजन कटकमसांडी में होना है। इसके प्रचार के लिए नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें माटी का स्वाभिमान आंदोलन के संयोजक संजय मेहता ने अपने विचार रखे। संजय मेहता ने अपने सम्बोधन में कहा की झारखंड निर्माण के दो दशक से ज़्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक झारखंड की स्थानीय नीति का झारखंडी जन भावनाओं के अनुरूप परिभाषित न होना दुर्भाग्य की बात है। झारखंड में झारखंड के ही लोगों की हकमारी की जा रही है बिना नीति नियुक्ति होना अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार को कुचलने के समान है। देश के सभी राज्यों की अपनी – अपनी स्थानीय नीति है लेकिन आज तक झारखंड में झारखंडी जन भावनाओं के



**सभा को संबोधित करते संजय मेहता**

अनुरूप स्थानीय नीति नहीं बन पायी। जिसके कारण नियोजन में समस्या आ रही है. स्थानीय नीति ही नियोजन नीति को तय करेगा। नुक्कड़ सभा में ज़िला परिषद सदस्य विजय सिंह भोक्ता ने कहा की राज्य के भीतर झारखंडी जन भावनाओं के आधार पर ही सरकारी और प्रशासनिक निर्णय लेने होंगे। अब तक झारखंडी जनता को छला गया है इसलिए माटी का स्वाभिमान आंदोलन के माध्यम से सरकार को आग्रह किया जा रहा की सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करे। चंदन सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की राज्य की नियुक्ति में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों का दख़ल हो जा रहा है. तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में भी झारखंड के लोगों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है


**झारखंड में कौन झारखंड़ी है इसकी परिभाषा न तय होना राजनीतिक उदासीनता का परिचय है**

झारखंड में हर नियुक्ति प्रक्रिया विवादों में फँस जा रही है. एक भी नियुक्ति सही से नहीं हो पा रही है. जेपीएससी जैसी संस्था पर अनियमितता का आरोप है। ऐसे में राज्य के नौजवानों के समक्ष अपने भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सरकार को इन बिंदुओ पर विचार करना चाहिए। नुक्कड़ सभा में इरशाद, चरका, मुकेश यादव, संदीप मुंडा, विजय आदि भी मौजूद रहे।

## विश्व महिला दिवस पर खोराहर पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी कविता कुमारी की कलम से

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

टेढ़ी नजरों से बचते बचाते हुए आगे बढ़ने की नाम है महिला, घर की उलझने लिए आगे बढ़ने की नाम है महिला, दुनिया के दर्द को माथे पर लेकर आगे बढ़ने की नाम है महिला, दुनिया की सभी परेशानियों को लेकर आगे बढ़ाने की नाम है महिला, बावजूद जिंदादिली से जीने की नाम है महिला। हर जुल्म से डटकर सामना करने वाली महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी इंटरनेशनल वुमन्स डे 8 मार्च को मनाया जाता है। इस खास मौके पर महिलाओं को सम्मान देना, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देना, उन्हें धन्यवाद कहना और जीवन में उनके महत्व को समझते हुए उनकी सराहना तो की जाती है, किन्तु यह सम्मान सिर्फ 8 मार्च को ही नहीं बल्कि हर एक दिन सम्मान की अधिकारी है महिला।



**मुखिया प्रत्याशी कविता कुमारी**

**महिलाओं का बढ़ा है सम्मान, सेक्स रेशियो इसका प्रमाण :**

भ्रुण हत्या और बेटियों की हत्या की खबरें आज भी चौकाती है, किंतु इसी का दूसरा पहलू यह है कि आज के दौर में मि. हलाओं का सम्मान बढ़ा है। इसका प्रमाण है कि सेक्स रेशियो में मि. हलाओं की संख्या तेजी से आगे बढ़ी है। एक आंकड़ों के अनुसार पहली बार देश में महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा हुई है। पांचवें राष्ट्रीय परिवार और हेल्थ सर्वे के अनुसार अब देश में प्रति 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएं हैं। दुख यह है कि गांवों के तुलना में शहर आज भी पीछे छूट गया है। गांवों में 1000 पुरुषों पर 1037 और शहरों में 985 महिलाएं हैं। 2015 में ये आंकड़ा 991 था।

**हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर बढ़ रही है महिलाएं :**

संख्या ही नहीं काम में भी महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। विज्ञान, इंजीनियरिंग और गणित के ग्रेजुएट्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 43 फीसदी है, जो अमेरिका (34 फीसदी), ब्रिटेन (38 फीसदी) से बहुत ज्यादा है। देश में रजिस्टर्ड 50 हजार स्टार्टअप्स में 45 फीसदी महिला उद्यमी हैं। बोस्टन कंसल्टिंग के अनुसार महिलाओं के स्टार्ट अप 5 साल की अवधि में पुरुषों से 10 फीसदी अधिक राजस्व बनाते हैं और 3 गुना अधिक महिलाओं को रा. `जगार देते हैं। ये आंकड़े महिलाओं के दौर के आगाज का संकेत हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अथाह ऊर्जा से आगे बढ़ रही हैं। उनके लिए कुछ भी नामुमकिन नहीं. .

**चूल्हा जलाने से लेकर राजनीति में अग्रसर हो रही हैं महिलाएं रू**

भीमराव अंबेडकर कहा करते थें की वे किसी भी समाज की प्रगति उस समाज की महिलाओं के प्रगति से आंकते थे। मतलब स्पष्ट है कि महिला की प्रगति से ही परिवार और समाज की उन्नति है। महिलाएं न सिर्फ समाज बल्कि सृष्टि की शिल्पकार है। अपने मेहनत से नए पौढ को दिशा और दशा देती है। चूल्हा जलाने से लेकर देश को दिशा देने की जिम्मेवारी उठा चुकी है महिलाएं। राजनीति, टे. क्नोलॉजी, सुरक्षा, देश सेवा, बैंकिंग आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने लोहा मनवाया है। अब कदम से कदम मिलाकर चलना ही नहीं बल्कि मि. हलाओं के कदम आगे बढ़ाने का दौर आ चुका है।

**आदिवासी समाज से महिलाओं में आत्म. निर्भरता सीखना होगा :**

भारत की भूमि के पहले हकदार कहे जाने वाले आदिवासी समाज से मि. हलाओं के प्रति सम्मान सीखना होगा। आदिवासी समाज की महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बनने में तेजी से कदम आगे बढ़ाया है बल्कि इस समाज में महिलाओं का विशेष सम्मान भी है। दहेज जैसी कुप्रथा की बीमारी है ही नहीं, बल्कि दुल्हन को लाने के लिए यह समाज उल्टे दुल्हन को तोहफा देता है। ज्यादातर महिलाएं खुद अपने घरों की बीड़ा अपने कंधों पर उठाती हैं। कदम से कदम मिलाकर घर चलाती हैं। आइए महिलाओं के सम्मान में एक कदम बढ़कर उन्हें भी मदद पहुंचाए।

नारी तेरे रूप अनेक, सभी युगों और कालों में है तेरी शक्ति का उल्लेख ।
ना पुरुषों के जैसी तू है ना पुरुषों से तू कम है।।
स्नेह, प्रेम करुणा का सागर शक्ति और ममता का गागर। तुझमें सिमटे न जाने कितने गम है।










डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित   एडिटरः सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर अजीवका संगठन के द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन सम्मानित हुए कई समूह



**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर चलकुशा पंचायत भवन परिसर में चलकुशा व अलगडीहा आ. जीवका संकुल संगठन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एंव अंचला. धिकारी शशिकांत सिंकर, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, मुखिया चमेली देवी, रेनू देवी, भुनेश्वर दास, सुभाष ठाकुर, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ने कहा कि महिलाएं पुरुष से किसी भी क्षेत्र में काम नहीं है पूरे देश में महिलाओं को स्वावलंबी की दिशा में आगे बढ़ाने की जोरदार पहल हो रही है। इस मौके पर मं. हलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मं. हलाओं द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं को भी अतिथियों के द्वारा डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आई. पी.आर.पी बिरसी देवी, उषा देवी, सी.सी अनुराग कुमार, बी.पी.एम केदार प्रजापति, शैलेश रंजन, लखन साव, राजेश कुमार, प्रमोद पांडेय, गुलजार अंसारी, फुलवंती देवी, सरिता देवी, चंचला देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, अंजू देवी, कविता देवी, नीलम देवी, ललिता देवी, कंचन कुमारी एवं काफी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित हुए।

## 11 मार्च के कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह, यशवंत सिन्हा होंगे सम्मिलित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण आगामी 11 मार्च को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का चौपारण में आयोजित होगा होली मिलन समारोह। बतौर मुख्यतिथि कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सह पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा सम्मिलित होंगे। उक्त बातों की जानकारी देते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि चौपारण के फॉरेस्ट आईबी में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाना है। माँ तारा होटल में बैठक कर होली मिलन समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संच. ालन दादपुर निवासी धीरेंद्र सिन्हा ने किया। बैठक में चौपारण इकाई के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सक्रिय सदस्य निकेश कुमार रुखेयार, संजय सहाय,मुकेश सिन्हा, राजेश सहाय,सूरज सिन्हा, मनीष सिन्हा, पवन कुमार सिन्हा, दिलीप सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, शेखर सिन्हा, उदय सिन्हा, अरविंद सिन्हा, अनिल सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, राकेश सिन्हा सहित कई कायस्थों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उदय सिन्हा,अरविंद सिन्हा, राजेश सहाय, मुकेश सिन्हा, सुनील सिन्हा ने अपने अपने स्तर से आ. र्थक सहयोग और समाज को एकजुट करने का विचार दिए।धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार सिन्हा ने किया।

## प्रखंड के शिक्षकों का बुनियादी शिक्षा एवं संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण शुरू




**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**

झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में आज रामनारायण +2 उच्च विद्यालय पदमा के प्रांगण में चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुवा । इस प्रशिक्षण कार्यशाला के बतौर मुख्यातिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रभारी विकाश तिवारी जी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किये । यह प्रशिक्षण चार दिन चलेगी जहाँ बुनियादी शिक्षा, समझ के साथ पढ़ना और लिखना बच्चों में कैसे विकसित हो सके के, नए नए आधुनिक तरीके शिक्षकों को सिखाये जाएंगे । संख्यात्मक ज्ञान और भी बेहतर हो सके यह भी प्रशिक्षण का अहम पार्ट होगी । बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षकों की हौशला अफ़जाई करते हुए कहा कि शिक्षकों में कई विषयों की ज्ञान निहित हैं जिसे समय समय पर निखारने और अतिआधु. निक शिक्षा शोध से अवगत कराने का ही कार्य यह प्रशिक्षण करेगी । सरकार की परिकल्पना को धरातल पर उतारने और नवनिहालो के भविष्य को उज्ज्वल बनाने, एक अच्छे नागरिक के निर्माण करने का काम शिक्षक ही करते हैं । इसलिए शिक्षक सदैव आदरणीय और पूज्यनीय होते हैं । वही विद्यालय के प्रभारी विकाश तिवारी के कहा कि गुरु हमेशा से पूजनीय होते हैं । प्रशिक्षण हमे धारदार और उर्जावन बनाता हैं । मन से प्रशिक्षण लेना चाहिए । निपुण भारत के द्वारा चलाई गई यह प्रशिक्षण प्रखंड के शिक्षकों को दो बैच में दिया जाएगा । प्रशिक्षकों ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए ससमय प्रशिक्षण शुरू किया । प्रशिक्षक श्री अजय किशोर अम्बष्ठ , श्री मुंशी प्रसाद, श्री संतोष महथा,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीलम मरांडी, संकुल साधन सेवी प्रविन्द कुमार सिंह, प्रभु कुमार साव , जयशंकर कुमार सिंह सहित 47 के संख्या में गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे ।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ भूली बस्ती ने चलाया सदस्यता अभियान

**अपेम लाइव : धनबाद**



8 मार्च 2022 को धनबाद जिले के भूली बस्ती मैं झारखंड प्रजापति( कुम्हार) महासंघ धनबाद जिला के द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इस क्रम में आज महासंघ के कोर कमेटी के सदस्य संजय पंडित जी को महासंघ का सदस्यता दिया गया सदस्यता दिलाने में प्रदेश सदस्यता प्रभारी पप्पू पंडित एवं जिला सदस्यता प्रभारी श्री महादेव कुंभकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करते हुए महासंघ के कोर कमेटी के सदस्य श्री संजय पंडित ने कहा कि झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ पिछले कई महीनों से लगातार सदस्यता अभियान चला रहा है अब सदस्यता अभियान अंतिम चरण में है इस अभियान को जल्द से जल्द पूरा कर पूरे जिला की कमेटी एवं प्रदेश कमेटी का गठन किया जाएगा साथी आने वाले पंचायत चुनाव पर महासंघ अपना उम्मीदवार भी देने का काम करेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से श्री ब्रह्मदिन प्रजापति, प्रेम चंद पंडित, भरत पंडित, दिलीप पंडित, शिबू पंडित,खीरू पंडित, तिलक पंडित, राम प्रसाद पंडित, तिलक पंडित, दयाल पंडित एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पवई की आंगनबाड़ी सेविका को उत्कृष्ट कार्यों के लिए डीसी ने किया समान्नित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हज़ारीबाग नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पाण्डेयबारा पंचायत के पवई आंगनबाड़ी सेविका मीरा कुमारी को उत्कृष्ट कार्यो के लिए डीसी नैंसी सहाय ने प्रसस्ति पत्र देकर किया समान्नित। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए सेविका ने बताया कि महिला दिवस पर जिले के भिन्न भिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मिओ को हजारीबाग डीसी द्वारा सम्मानित कर सबका हौशला बढ़ाया । सेविका मीरा कुमारी को समाज कल्याण विभागीय की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ब्वअपक 19 की रोक. थाम एवं टीकाकरण में उत्कृ ष्ट कार्य के लिए समान्नित किया गया। सम्मान पाकर उत्साहित मीरा ने कहा कि हज़ारीबाग डीसी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे मेरा मनोबल बढ़ा है और अपने कार्यो को और उत्साह पूर्वक करूंगी।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित    एडिटरः सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## झारखंड राज्य में जिले स्तर पर महिला आयोग गठित करने की मांग सूबे के मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जहां एक तरफ पूरे विश्व में धूमधाम से मनाई जा रही है वही दूसरी तरफ़ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आपकी आवाज नामक सामाजिक स्वयंसेवी संगठन के प्रदेश महासचिव कुमारी प्रभा वर्मा ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर महिला आयोग का गठन जिले स्तर पर करने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि जब तक जिला स्तर पर महिलाओं को, अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक , संगठित नहीं किया जाएगा तब तक सर्वांगीण विकास संभव नही है। महिलाओं में काफी प्रतिभाएं है जिसे निखारने की आवश्यकता है। आबादी की आधी शक्ति महिला है जिन्हें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, व्यावसायिक क्षेत्र में स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाये बगैर विकसित समाज की कल्पना करना संभव नहीं है। कुमारी प्रभा वर्मा समाजसेवी सह गिरिडीह कुशवाहा संघ उपाध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद दिवाकर की धर्मपत्नी हैं जो काफी संघर्ष शील एवं सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने वाली मृदुभाषी मिलनसार और सरल स्वभाव की महिला है। जिला परिषद सदस्य का चुनाव भी लड चुकी है और वर्तमान में भी क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।अभी अभीअपने गांव धुरगडगी में सम्पन्न महायज्ञ एवं नईटांड में आयोजित लता मंगेशकर बप्पी लहरी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य एवं सक्रिय भूमिका में रहीं। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से भी जुड़कर निरन्तर सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर रही है। नशाबंदी, शाकाहारी, सा. त्विक, आध्यात्मिक के प्रबल समर्थक भी है।वास्तव में इस तरह की सक्रिय एवं ऊर्जावान महिला शक्ति को समुचित जिम्मेदारी दी जाय तो महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूरे देश की बेटियों महिलाओं को प्रभा वर्मा ने हार्दिक शुभक. ामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाओं को अवसर की जरूरत है। हरेक क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही है और पुरुषो के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। वर्तमान सरकार चाहे वो केंद्र की हो या राज्य की मैं अविलंब जिलास्तर पर महिला आयोग गठित करने की मांग करती हूं।

## चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी वन अधिकारी हैं मोन

### 10 हाथियों के झुंड ने तोडी कुसुम सोलर रौंदा फसल

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**



चलकुशा :-प्रखंड के महतोडीह चौबे में जंगली हाथियों ने बीती रात लगभग 3रू00 बजे मै. नेजर यादव पिता बढन यादव के कुआं पर कुसुम योजना के तहत खेती करने के लिए लगा सोलर प्लेट फसल प्याज लहसुन और उनके मिट्टी का मकान को किया नष्ट, वही बुधन मा. हतो पिता प्रेम महतो का मिट्टी का चहारदीवारी को तोड़कर उसमें लगा फसल प्याज, लहसुन, केला का पेड़ चना की खेती को रा. ैंदा। भुनेश्वर यादव पिता टेको यादव के मिट्टी का मकान के खिड़की को तोड़ दिया। संजय यादव ,भुनेश्वर यादव ,किशन यादव, विनोद यादव, कैलाश यादव, बबलू यादव, रंजीत यादव के प्याज लहसुन केला का पेड़ चना को चट कर गया। और इससे किसानों को हजारों की नुकसान हुआ जानकारी के अनुसार बिरनी प्रखंड के चानो जंगल की ओर से लगभग रात्रि 2:30 बजे प्रवेश करते हुए महतोडीह चौबे पहुंचे। जहां कई लोगों का फसल सहित घर चहारदीवारी कुसुम योजना के तहत सिंचाई के लिए लगाया गया सोलर प्लेट को तोड़ दिया। इसकी सूचना वन अधिकारियों को मोबाइल के द्वारा दी गई परंतु समाचार लिखे जाने तक कोई भी वन अधिकारी नहीं पहुंचे। ज्ञात हो कि आज से 5 दिन पहले भी हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया गया था लेकिन वन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और दहशत का माहौल भी ग्रामीणों में बना हुआ है।

## साहू समाज ने मनाया स्व. तिलेश्वर साहू का पुण्यतिथि।

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



चतरा अखिल भारतीय तैलीक साहू समाज ने मगंलवार को साहू धर्मशाला लिपदा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदूषण बोर्ड अध्यक्ष स्व. तिलेश्वर साहू का 8 वां पुण्य तिथि मनाया है। उपस्थित लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया यह कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जीवलाल प्रसाद साहू तथा संचालन जिला सचिव विद्यासागर आर्य ने किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की स्व. तिलेश्वर साहू समाज के लिए आदर्श थे।समाज को संगठित करने में इनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान था यह समाज के लिए एक आदर्श हैं इन्होंने समाज को एकजुटता करने का परिचय दिया है यह गरीबों और पिछड़ी जातियों का मसीहा नेता थे।गरीब और पिछड़ी जातियों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहें। आगे कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस मनाने के लिए घर ही जा रहे थे इसी बीच उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई। मालूम हो की चतरा जिला के सभी प्रखंड में स्वर्गीय तिलेश्वर साहू का पुण्यतिथि मनाया गया। मौके पर बढन साहू, नवीन साहू, सरजू साहू, गणेश नारायण साहू निर्मल साहू राजेंद्र साहू महेंद्र साहू शंकर सर रामदेव साहू अशोक साहू भुनेश्वर साहू श्रवण साहू,पवन साहू,पूनम देवी राखी देवी, मुरारी साव विशाल साव बबीता देवी के अलावा सैकड़ों साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## आजीविका ने बदला महिलाओं का जीवन स्तर, हो रही आत्मनिर्भर : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



महिला दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेएसएलपीएस द्वारा संचालित आजीविका महिला मंडल समूहों के पाण्डेयबारा, सेलहारा, करमा व बसरिया क्लस्टर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी क्लस्टरों में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। क्लस्टरों में पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। पाण्डेयबारा व करमा क्लस्टर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महिला समूहों के दीदीयों को पूर्व विधायक व अन्य अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पाण्डेयबारा क्लस्टर प्रमुख शिल्पी देवी, करमा क्लस्टर प्रमुख बॉबी देवी, सेलहारा क्लस्टर प्रमुख राखी देवी व नागिना देवी व बसरिया क्लस्टर प्रमुख मंजू देवी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला व महिलाओं के समाज मे भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की आजीविका ने महिलाओं के जीवन स्तर को बदल दिया है। जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। पूर्व विधायक ने महिलाओं से आग्रह किया कि आप अपने बच्चों को शिक्षित करें। एक शिक्षित बच्ची आने वाले पीढ़ी के साथ अच्छे समाज निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा सकती है। मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ने कहा कि आज महिलाएँ पुरुषों से आगे निकल चुकी है। इससे पूर्व क्लस्टरों में महिला दीदियों ने स्वागत गीत गाकर व बुके देकर स्वागत किया। पाण्डेयबारा में सांसद प्रति. निधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी, पाण्डेयबारा मुखिया रेखा देवी, करमा क्लस्टर में विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, कंग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव व बीपीएम, आदि के कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सेलहारा क्लस्टर में मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रजक, प्रवीण सिंह, कैलाश पासवान, राकेश सिंह, बसरिया क्लस्टर में स्थानीय मुखिया नरेश पा. सवान, बेलाही मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष आरती कौशल भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, समा. जसेवी पिन्टू सोनी, करमा क्लस्टर में मानगढ़ मुखिया आरती देवी, नीलू देवी, संचालन बंसती देवी ने किया ने किया।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




भारतीय मजदूर संघ बड़कागांव प्रखंड कार्यालय तलसवार परेवातरी के सोमवार बाजार में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता एवं मिडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी के संच. ालन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें भारतीय मजदूर संघ प्रखंड कमेटी में अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कि गई। वहीं, आनन्द प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान और उनको समाज में बराबरी का दर्जा दिलाना है। मिडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने कहा कि महिलाओ को समाज के हर क्षेत्र में चाहे समाजिक भागीदारी या राजनीति भागीदारी हो, आगे आने की आवश्यकता है। मं. हलाओं को जागरूक करने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रसाद कुशवाहा, मिडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, संगठन मंत्री मनोज प्रभाकर, उपाध्यक्ष अशोक साव, रीना देवी, रेखा देवी, यशोदा देवी, ललिता देवी, अजय कुमार, कुसुम देवी, पार्वती देवी, सुनिता देवी, मनीषा देवी, शांति देवी, रेखा कुमारी समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

APPEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हंटरगंज के करामो जंगल मे बिजली विभाग के लापरवाही आया सामने

### पोल में आया करेंट से पानी पीने गए दो मवेशी की मौत

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



हंटरगंज थाना क्षेत्र के जोल्डीहा पंचायत के करामो जंगल में मंगलवार की सुबह बिजली के करंट लगने से एक किसान के दो भैंसों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही किशन गंझू जिनका दो मवेशी जंगल में सुबह-सुबह चरने के लिए गया था लेकिन जैसे ही बघमारवा जंगल के समीप जानवर पहुंचे तो प्यासे जानवरों ने बगल के एक गड्ढे में पानी पीने के लिए गए। जहां पूर्व से ही बिजली विभाग की लाप. रवाही से पानी में ही करंट प्रवाहित हो रहा था जिसमें दोनों भैंस को पानी पीने के लिए गए और उनकी मौत करंट से हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हम लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दिया परंतु बिजली विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगा। और इसका भुक्तभोगी ग्रामीण हो रहे हैं। ग्रामीणों ने किसान के लिए बिजली विभाग एवं उपायुक्त से मुआवजे की मांग की है।

## गदर पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया पर लगाया आवास के नाम पर पैसा लेने का आरोप

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत गदर पंचायत के ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया ब्रह्मदेव शर्मा पर आवास के नाम पर पैसे लेने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय मुखिया के द्वारा कहा गया था कि आपका नाम आवास प्लस में आ गया है इसलिए आप पांच हजार रुपे जमा कर दीजिए तो आपको आवास दिया जाएगा। उसके बाद किसी तरह 5000 रुपे जमा कर दिए लेकिन उसके बाद भी आवास नही मिला। कुछ दिनों के बाद जब मुखिया जी से पूछा गया तो वो बोले कि उनका नाम लिस्ट में नही है। अब दो महीने के बाद लिस्ट में नाम चढ़ा देंगे उसके बाद लगभग छः महीने के बाद आपको आवास दिया जाएगा। कुछ ग्रामीणों का कहना है जिन लाभुकों के पास लेबर कार्ड होता है उसे 15000 रुपे अधिक दिया जाता है लेकिन उनके पास लेबर कार्ड होने बावजूद भी उन्हें पंद्रह हजार नही दिया गया। उनलोगों का कहना है कि किसी भी लाभुक को पंद्रह हजार रुपे नही दिया गया और उस पैसे को पंचायत सेवक, मुखिया एवं अन्य बिचौलियों के द्वारा बंदरबांट कर लिया गया है। इधर गदर पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव शर्मा का कहना है कि उन पर लगाये गए सभी आरोप बेबुनियाद और गलत है। उनका कहना है कि मैंने हमेशा गरीब जनता के हित और भलाई के लिए काम किया हूँ लेकिन कुछ लोग है जो मेरे कार्यकाल को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। खास कर वैसे लोग लोग आगामी पंचायत चुनाव में मुखिया पद के उम्मीदवार बनने वाले है वो संयंत्र के तहत मुझे बदनाम करने की कोसिस कर रहे है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने को ध्यान में रखकर ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जल धर ने कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्रोफ़ेसर अनु कुमारी ने कहा कि-आज की महिलाएं अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता के कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं। जो हर महिलाओं के लिए मिसाल है। राजनीति , खेल, व्यापार, लेखन, समाजसेवी आदि क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों के कंधों से कंधे मिलाकर आगे बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम हैष्एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी है।ष्अर्थात लैंगिक समानता पर जोर दिया गया है। मौके पर प्रोफेसर अनू कुमारी ,प्रोफेसर फजरुद्दीन, प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो. रंजीत प्रसाद, प्रो. किशोर दांगी, प्रो. पवन कुमार तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बिरनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

### महिलाओं के श्रम शक्ति का सम्मान नारी कल भी भारी थी नारी आज भी भारी है।

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत भवन में आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर शुरुआत किया गया जिसमें भारी संख्या में म. हलाओ ने भाग लिया। वही वक्ताओं ने संबोधित करते हुवे कहा कि वर्तमान समय में हमारे महिलाएं पुरुष से काम नहीं है महिलाएं सभी क्षेत्रों यथा शिक्षा स्वास्थ्य रेलवे रक्षा व्यवसाय एवं बैकिंग सेंटर आदि में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं ओर कहा म. हलाओं की भागीदारी बिना समाज और देश सामाजिक आर्थिक विकास नही हो सकता हैं महिलाओं द्वारा बनाकर जो शिक्षा देने के काम कर रही है उससे हम सभी काफी खुश हैं क्यों महिलाएं अपना नाम तो लिखने नहीं जानती थी आज स्वय सहायता समूह द्वारा काफी महिलाएं साक्षर हो गई है जो कम से कम अपना नाम तो लिख पा रही है स्व सहायता समूह द्वारा काफी महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा है आने वाले वक्त में ग्राम से लेकर पूरे प्रखंड जिला राज्य तक महिला ही पहुचेगी जहां आप लोग को हम लोगों को जरूरत पड़े वहां हम सब मिलकर आप ला. गों को काम करने के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगे साथ ही कहा कि ग्रामीण म. हलाओं के श्रम शक्ति का सम्मान नारी कल भी भारी थी नारी आज भी भारी है। परंपरा और क्राफ्ट का अनोखा कल्चर देखने को मिल रहा है ग्रामीण स्वंय सहायता समूहो के द्वारा पारंपरिक कल्चर और क्राफ्ट का हुनर भाग ले रहे है। जो महिलाएं कभी गांव से बाहर नहीं निकलती थी वो अपने प्रखंडों से बाहर निकल के बिना किसी की मदद से खुद से सारी चीजें मैनेज करते हुए इस मेले में अपना योगदान दे रही हैं, और महिला सश. क्तिकरण की ओर कदम से कदम मिलाकर बढ़ा रही हैं इस मेले के दौरान महिला उद्यमियों को हथकरघा और हस्तशिल्पकारो को प्रशिक्षित करने के लिए उत्पाद पैकेजिंग तथा डिजाइनिंग ,संचार कौशल, सोशल मिडिया प्रचार एवं बिजनेस टू बिजनेस मार्के. टंग पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है । एक प्लेटफार्म कराया जा रहा है ताकि ओ अपने हुनर एवं कौशल को प्रदर्शन कर सकें । अपने उत्पादों को बेच सकें, बड़े खरीदारों के साथ जुड़ सके । यह मेला महिला सशक्तिकरण हेतु एक एकीकृत दृष्टिकोण के रूप में कार्य करता है । जिससे महिलाएं आत्म. निर्भर होने के साथ अपनी आजीविका को भी चार चांद लगा सके। और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ा सके मुख्य रूप से बिरनी वीडियो सुनील कुमार वर्मा बिरनी अंचलाधिकारी अशोक राम बिरनी 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष एतवारी वर्मा बिरनी प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह बिरनी मुखिया प्रतिनिधि सुरेश सव अरारी मुखिया मुकुंद मुरारी, श्रैस्रै बीपीएम प्रवीण कुमार,बीपीओ विजय कुमार बिरनी बसा अध्यक्ष सावित्री वर्मा सीसी संतोष कुमार, विकास कपिसवे, कालोमुनी हेम्ब्रम, बबिता ,नीतू ,कौशल्या,आरती एवं बिरनी क्लस्टर के समस्त ग्रामिण महिला उपस्थित थे

## बड़कागांव आजसू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फूंका पुतला

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



पुतला दहन करते आजसू कार्यकर्ता

बड़कागांव--आजसू पार्टी द्वारा आयोजित 7 मार्च को विधानसभा घेराव में आजसू नेताओं व कार्यकर्ताओं को रोकना व सभी केंद्रीय कमेटी के ने. ताओं पर 107 करना व नोटिस भिजवाने के विरोध में आजसू पार्टी बड़कागांव प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यकर्ताओं ने गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय से रैली निकालकर बड़कागांव मुख्य चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हेमंत तेरी तानाशाही नहीं चलेगा नहीं चलेगा, हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, 1932 का खतियान लागू करना होगा, नियोजन नीति स्थानीय नीति लागू करना होगा सहित अन्य नारा लगाते रहे। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड में तानाशाही कर रही है और यहां के स्थानीय आदिवासी मूल निवासी के आवाज को दबाना चाहती है। यह सरासर लोकतंत्र की हत्या है। आगे उन्होंने कहा यहां के अन्य मूल मांगों के लिए आंदोलन किया जाएगा। वही बड़कागांव प्रखंड के मुख्य प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि हेमंत सोरेन कि यह सरकार निकम्मी सरकार है अपने वादों से मुकरने का काम कर रही है। यह सरकार सिर्फ लूट-खासूट करने के लिए बनी है यह झारखंड के हितों को अनदेखा कर रही है। झारखंड की जनता जल्द इसका जवाब देगी। हेमंत सोरेन झारखंड को चारागाह बनाना चाहते हैं। झारखंड के जनता अब जाग चुकी है और अब अपने हक और अधिकार के लिए उलगुलान होगा। मौके पर मुख्य रुप से आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ,भुनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो ,रवि राम ,अर्जुन महतो ,कामेश्वर महतो, शंकर मिश्रा, राजा खान ,महेंद्र महतो, ब्रजकिशोर जयसवाल, तपेश्वर तापस, विनोद महतो ,राकेश कुमार ,दिनेश महतो ,विमल महतो ,बालेश्वर कुमार, रंजन कुमार, आशीष कुमार ,सूरज कुमार ,नवलेश कुमार ,बजरंगी महतो, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**




विष्णुगढ़ सातमील मोड़ में विरोध जताते आजसू कार्यकर्ता

जन भावना को दबाने, लो. कतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने समेत सात सूत्री मांगों के समर्थन में विधानसभा घेराव करने जा रहे आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिलों और थाना में रोके जाने एवं हिरासत में लिए जाने के खिलाफ मंगलवार को प्रखंड आजसू कमेटी द्वारा विष्णुगढ़ सातमील चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया गया। विरोध में मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव महादेव दे. हाती, जिला उपाध्यक्ष सरजू पटेल, प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, कार्यकारिणी अध्यक्ष रुपेंद्र महतो, गौतम वर्मा, बाबू खान, दिलीप राम, सतीश राम, विनोद कुमार, दामोदर महतो, शैलेंद्र कुमार, राजा कुमार, अनंतलाल महतो, उमेश महतो, गोविंद महतो, अशोक कुमार, बिनोद बिहारी महतो, पिंटू राम, टिंकू कसेरा, वीरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, प्रेमचंद सिंह, कपिलदेव कुमार, सुधीर कुमार, राजकुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलीट के द्वारा नवजीवन नर्सिंग होम के महिला कर्मियों को सम्मानित किया

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**




मंगलवार को लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवजीवन नर्सिंग होम गिरिडीह के महिला कर्मियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब सचिव लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में हमारी महिलाएं पुरुष से कम नहीं है । महिलाएं सभी क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग सेक्टर, व्यवसाय, रेलवे, रक्षा आदि में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। महिलाओं के साथ भागीदारी के बिना समाज और देश का सामा. जिक और आर्थिक विकास नहीं हो सकता है। क्लब कोषाध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने कहा कि पूरे वर्ष भर क्लब के तमाम कार्यों में नवजीवन नर्सिंग होम की अहम भूमिका रहती है ।यहां के कर्मियों का क्लब को सार्थक सहयोग मिलता है। इसलिए हम सभी इन्हें धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम में नवजीवन नर्सिंग होम की तमाम महिला कर्मियों को सम्मा. नित किया गया तथा उनके सार्थक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन राजेश कुमार गुप्ता, क्लब सचिव लायन धर्म प्रकाश, क्लब निदेशक लायन संजय कुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, लायन डॉ सुमन कुमार, लायन राहुल कुमार, लायन मसरूर सिद्धकी, लायन विकास गुप्ता, नवजीवन नर्सिंग होम के निदेशक श्रीमती स्वाति बगड़िया, ड०क्टर तिवारी ,उज्जवल कुमार, प्रतिमा चटर्जी, तनु ,रोज लीना मुर्मू ,रंजू सिन्हा ,रीता किस्को सहित कई लोग उपस्थित थे

## जोबर पंचायत के बंदखारो मिलनटांड में नरकी आजीविका महिला संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन,

## – नारी जीवनपर्यत सम्मान के योग्य

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ मिथलेश वर्मन**



विष्णुगढ़ में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रैक्टर पर सवार अतिथि।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जेएसपीएलएस के तत्वाधान में जोबर पंचायत के बंदखारो मिलनटांड में नरकी आजीविका महिला संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी जिला परिषद प्रधान कार्यकारी सदस्य मिथिला पटेल शामिल हुई। उन्होंने सभी नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला दिवस सिर्फ महिलाओं का हीं दिवस नहीं है। पुरूषों का भी संपूर्ण जीवन नारी पर आधारित रहता है। पुरूषों की सफलता का आधार भी नारी हीं है। कहा कि नारी का सम्मान केवल एक दिन नहीं बल्कि जीवनपर्यंत वह सम्मान के योग्य है। इसी संदेश को याद दिलाने तथा विश्वभर में महिला शक्ति की उपलब्धियों को उजागर करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में महिला मंडली सखी द्रौपदी कुमार द्वारा समूह के माध्यम से मिले ट्रैक्टर में मुख्य अतिथि को बैठाकर भ्रमण कराया गया। इससे यह संदेश दिया गया कि आज महिलाएं कुछ भी कर सकती है। बस उन्हें हिम्मत और हौसला देने वाला होना चाहिए। उन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मौके पर प्रधान महेन्द्र गंझू, मुनीलाल महतो, रीतलाल महतो, रोमा देवी, घनश्याम महतो, कैलाश महतो, जीवाधन महतो, प्रेमचंद कुमार, हेमंती देवी, भारती कुमारी, मनीषा देवी, सावित्री देवी, नारायण महतो, सुजीत कमार समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## विद्यालय में 15से 18 वर्ष के 50 छात्रों को लगा टीका

**अपेम लाइव : बिरनी सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा में मंगलवार को 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों के कोरोनारोधी टीका लगाया गया टीकाकरण शिविर की शुरुआत करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी व प्रेमचंद वर्मा तथा हरेन्द्र सिंह ने किया कहा कोरा. ेना से इस जंग में वैक्सीन हमारी सुरक्षा कवच को मजबूत करेगा। अब टीन एजर्स को टीका लगने से इस जानलेवा बीमारी को फैलने का खतरा कम हा. ेगा। निदेशक उमेश वर्मा ने कहा सभी अपनी बारी आने पर टीकाकरण अवश्य लगाएं। सरस्वती शिशु निकेतन के प्राचार्य पवन कुमार वर्मा ने कहा वै. क्सीन के साथ मास्क, सा. ेशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजर के प्रयोग से हम खुद और अन्य को भी सुरक्षित रख सकेंगे। शिक्षण संस्थान में शिविर लगवाने के लिए पीएचसी की टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह आपकी कृपा है कि आपने हमारे विद्यालय को प्रथम मौका देकर हमें कृतार्थ किया।! अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षकायें आनंद कुमार वर्मा, भवानी वर्मा, अनिल कुमार वर्मा ,गौरीशंकर वर्मा, कमलेश राणा, पंकज कुमार ,पिंटू कुमार मोनिका ,शकुंतला एवं रेखा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ मिथलेश वर्मन**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केक काटते अतिथि

विष्णुगढ़ के एम्बिशन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी महिला शिक्षिकाओं तथा शक्ति स्वरूपा देश के सभी महिलाओं को नमन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय कि शिक्षिका रूपाली देवी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। किंतु नारियों को आज भी समाज में प्रताड़ित होना पड़ता है। यह बेहद चिंताजनक है। शिक्षिका सुष्मिता प्रिया ने कहा कि बच्चों में संस्कार भरने का काम मां के रूप में नारी द्वारा ही किया जाता है। मां के व्यक्तित्व–कृतित्व का बच्चों पर सकारात्मक और नक. ारात्मक दोनों प्रकार का असर पड़ता है। इसलिए समाज के निर्माण में नारी को बहुत अधिक महत्व दिया गया है। शिक्षिका वीणा सिन्हा ने कहा कि अभी के आधुनिक दौर में महिलाएं हर एक काम में आगे हैं इसलिए समाज में सभी महिलाओं को शिक्षित करके देश को आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार एवं शिक्षक सुशांत पाठक ने नारी शक्ति पर आधारित स्वरचित कविता का पाठ किया। मौके पर रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, वीणा सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, प्रमिला देवी, कोमल कुमारी, रीता देवी, कांति देवी, प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, उपप्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा, शशि सुमन, कुणाल गोस्वामी, रोहित वर्मा, अकाश कुमार, राजेश कुमार समेत विद्यार्थी मौजूद थे।

## बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग’मंडल गिरिडीह शाखा के द्वारा एल आई सी के महिला कर्मियों को सम्मानित किया

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**




मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा के द्वारा एलआईसी के महिला कर्मियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मा. नित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय शर्मा तथा संचालन सचिव धर्म प्रकाश ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिय शाखा प्रबंधक एसएस चौधुरी ने कहा कि आज की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं ,सिर्फ हमें उन्हें एक मौका देने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि पहले और अब की स्थिति में बहुत परिवर्तन हुआ है ।महिलाएं अब प्रत्येक क्षेत्र में आगे आ रही है तथा अपनी उप. स्थिति दर्ज कर रही है ।लेकिन अभी भी देश और समाज में महिलाओं के प्रति लोगों का नजरिया पूरी तरह नहीं बदला है। आज भी महिलाओं का शोषण जारी है।

कार्यक्रम को कुमकुम वाला बर्मा, श्वेता, राजेश कुमार उपाध्याय, रवि रंजन, श्वेता कुमारी ,अंजली श्वेता, सबा परवीन, सुकृति बर्मन, प्रज्ञानंद , अंशु सिंघानिया, मनोज कुमार लाल नीतीश कुमार गुप्ता आदि ने संबो. धित किया। वक्ताओं ने कहा कि हमारा समाज तब तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सकता जब तक महिलाएं विकसित नहीं हा. ेगी। महिला जगत में शिक्षा का पूरी तरह विस्तार करना होगा। कार्यक्रम में विजय कुमार संहिता सरकार लक्ष्मी नारायण गुप्ता आनंद मोहन झा शंकर कुमार, केका रानी चक्रवर्ती, विनायक कुमार अनुराग मुर्मू डेनियल मरांडी राजेश कुमार प्रभाष शर्मा दीपक कुमार पासवान नीरज कुमार सिंह महेश्वरी वर्मा सुनील कुमार वर्मा प्रदीप कुमार सही सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में निकली गई रैली।

**अपेम लाइव : गिरीडीह प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरीडीह शहर के कहचारी चौक से झण्डा मैदान तक अपनी मांगों को रखकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन निकाली गई रैली जिसमे सरकार के द्वारा महिलाओं के साथ ना. इंसाफी की है सरकार भी हमे रोजगार दे ।जिस समय चुनाव हुआ था ।सरकार ने महिलाओं को न०करी देने का फैसला किया था ।मगर सरकार हर मुहाने में फैल साबित हो रही है ।जिसमे महिलाओं ने साइन बोर्ड,बेनर,तख्तियां लेकर रोस दिखाई दी

## दहेज मुक्त झारखंड के प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ मिथलेश वर्मन**

दहेज मुक्त झारखंड संस्था के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। संस्था के संस्थापक डॉ आनंद शाही द्वारा प्रदेश महासचिव विकास महतो के साथ दुर्व्यवहार एवं असंसदीय भाषा के प्रयोग से आहत होकर उन्होंने इस्तीफा सा. ैंपा है। इस्तीफा के साथ उन्होंने प्रखंड कमेटी को भी भंग करने की घोषणा की है।

दिनांक: 08-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संo: 09

## गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**अपेम लाइव : पचम्बा**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से साहू समाज भवन हुट्टी बाजार गिरिडीह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह पूर्वक रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी अध्यक्षा सुचिता देवी ने की मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बाल गो. विंद साहू अधिवक्ता संरक्षक ब्रजनंदन प्रसाद उपाध्याय संजय कुमार साहू और हर गौरी साहू महासचिव धर्म प्रकाश कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष प्रकाश शाह अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित संयुक्त रूप से प्रभारी अध्यक्ष सुचिता देवी डॅाक्टर इंदु कुमारी विनीता देवी संपत्ति देवी एवं मुख्य अतिथि बाल गोविंद साहू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उसके पश्चात स्वागत गीत गाकर सभी का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि और साहू सभा के पदाधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बुके देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ है तथा जागरूक और सफल बना कर समाज में भागीदारी सुनिश्चित हो ताकि नारी सशक्त एवं स्वाभिमान से समाज को नई दिशा दे सके। प्रभारी महिला अध्यक्ष सुचिता देवी महिलाओं को अपने अधिकारों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शिक्षा राजनीतिक सामाजिक स्तर पर अपनी भागीदारी सु. निश्चित करने का आवाहन किया। महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा महिलाएं पुरुष से किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं है अपने अधिकार के प्रति सबल और सजग रहें उन्होंने कहा कि महिलाएं जब तक सबल और सशक्त नहीं होगा कोई भी समाज शशक रूप से उभर नहीं सकता है। नारी महत्व की ओर बाय नंदन प्रसाद ने बोध कराया उपाध्यक्ष हरगौरी साहू एवं संजय कुमार साहू ने महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति सजग रहकर सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रेरित किया समारोह को सुचिता देवी खुशबू कुमारी डॉ इंदु देवी सभापति देवी मीरा देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विभा प्रकाश मधु देवी खुशबू कुमारी विनीता देवी उषा देवी सुनीता देवी डॉक्टर देवंती देवी सहित 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

## रफ्तार की कहर सड़क दुर्घटना में एक कि मौत चार घायल

## बाराबागी निवासी 55 वर्षीय नरेश राणा को हुई मौत

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राजपुर थाना क्षेत्र के सवैयागड़ा जो चतरा सदर थाना एवं राजपुर थाना के सीमा पर मंगलवार को रफ्तार की कहर ने एक कि जान ले ली।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बा. राबागी निवासी स्व.ज्ञानी नरेश राणा के 55 वर्षीय पुत्र अपने दो साथियो के साथ किसी काम से चतरा की ओर जा रहा था।जैसे ही नरेश अपनी मोटरसाइकिल से सवैयागड़ा से आगे बढ़ा वैसे ही विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल से जबरदस्त टक्कर हो गई।जिसमे नरेश की मौत घटना स्थल पर ही हो गया।चतरा से कान्हाचट्टी तरफ आने जाने वाले लोगो ने राजपुर थाना को सूचना मिली जिसके बाद राजपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पातल अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दी।तथा घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया।जिसमें दो को बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर किया गया है।घायलों में यदु ठाकुर और सुभाष भुइयाँ सहित चार लोगों का नाम शामिल है।राजपुर जे ए एस आई राजेश शर्मा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है।वही उन्होंने मोटर साइकिल चालको से बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलाने का आग्रह किया।नरेश के घर वालो का रो- रो कर बुरा हाल है। सामने सामने से दो बाइको की हुई टक्कर मृतक बाराबागी के हैं निवासी राजपूर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मृतक को एवं घायलों को भेजी सदर अस्पताल रा. जपुर थाना के ए एस आई राजेश शर्मा ने बाइक चाल. को से गति पर नियंत्रण कर चलाने का किया आग्रह

## गावां में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा गावां मुख्यालय स्थित खेल मैदान में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृशक्तियों और किशोरियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश देने की पहल की गई कि बाल विवाह एवं भ्रूण हत्या हमें हर हाल में रोकना होगा। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी प्रभाकर कुमार ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने की जरुरत है। आधी आबादी और आधे आसमान पर महिलाओं का हक है,आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम भी लहरा रही हैं। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा विश्व महिला दिवस पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। महिलाओं और किशोरियों ने मटका फोड़,सौ मीटर की दौड़,नुक्क्ड़ नाटक और फुटबoल प्रतियोगिता में भाग लेकर खिताब अपने नाम किया। फुटबoल प्रतियोगिता मे लौरियाटांड, हरदिया, लखे. कुरा, गावां और किशनपुर की किशोरियां शामिल हुई। लौरियाटांड की टीम ने फुटबoल जीता, लखेकुरा की टीम उप विजेता घोषित हुई। कार्यक्रम में मालडा मुखिया सुकांता देवी, नगवां मुखिया सोनी खातून, सेरुआ मुखिया पार्वती देवी, बादीडीह मुखिया सरिता देवी, गावां मुखिया अनुरुपा देवी, गदर मुखिया ब्रह्मदेव शर्मा, दिनेश पाण्डेय, मो.मिरा. जुद्दीन, विजय यादव, संजू देवी, गुलशन आरा, राजिदा खातून, नुसरत प्रवीण, आरती कुमारी, सुनीता देवी,मरगुज आलम,जितेन्द्र कुमार , प्रीति कुमारी ,मो. आरिफ अंसारी,शिवशक्ति कुमार,अमित कुमार,भीम चौधरी, राजेश शर्मा सहित गावां प्रखण्ड की आंग. नवाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, जल सहिया ,बाल मित्र ग्राम महिला मंडल की अध्यक्ष एवं किशोरियाँ शामिल थीं।







